HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू के नाम हुआ स्लेट का कॉपीराइट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा तैयार स्लेट (ट्रांसफॉर्मेटिव लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांस्फॉर्मेटिव एजुकेशन) का कॉपीराइट विश्वविद्यालय को मिल गया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सोमवार को बताया कि स्लेट की मुख्य विशेषताओं के मद्देनजर 14 अक्तूबर को भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय से कॉपीराइट प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय को यह कॉपीराइट दो महीने रिकॉर्ड समय अवधि में दिया गया। स्लेट लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विकसित ऑनलाइन एजुकेशन सिस्टम है। समय की कमी और छात्र को संसाधनों तक पहुंचने की सुविधा इसकी खासियतें हैं।

# पीजी के 11 कोर्स में चुनने होंगे दाखिले के विकल्प

लविवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को परास्नातक के करीब 11 पाठ्यक्रमों की सूची जारी की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि इन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अंकतालिका एवं अन्य संबंधित अभिलेखों को अपलोड करने के बाद, अपनी पसंद का विकल्प देना होगा। जिससे उन्हें उनकी पसंद और उपलब्धता के अनुसार सीटें आवंटित की जा सकें।

प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कई विषयों में विकल्पों के लिए अभ्यर्थियों से एक ही आवेदन प्रपत्र भराया गया है। इसके अलावा इनमें से कई पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ महाविद्यालयों में भी सीट उपलब्ध हैं।

**इन पाठ्यक्रमों में देना होगा विकल्प :** एलएलबी 3 वर्षीय, एम कॉम कॉमर्स, एम कॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमए एजुकेशन, एमए समाजशास्त्र, एमए एमआईएच/कंपोजिट हिस्ट्री/वेस्टर्न हिस्ट्री, एमएससी बॉटनी/प्लांट साइंस/माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी केमिस्ट्री/फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, एमएससी मैथमेटिक्स और एमएससी जूलॉजी।

**दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू :** परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई। अभ्यर्थियों को 26 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को 200 रुपए पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा।



## बीएड की काउंसलिंग नवंबर में होगी

प्रदेश के बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसलिंग अब नवंबर में होगी। बीएड का अगला सत्र 2020-21 जनवरी से शुरू होगा है। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-21 की काउंसलिंग का प्रस्तावित कार्यक्रम शासन को मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है। बता दें, यह काउंसलिंग सोमवार से शुरू होनी थी। लेकिन, कई राज्य विश्वविद्यालयों की ओर से अभी तक अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के परीक्षा परिणाम जारी नहीं किए गए। बीएड की काउंसलिंग में अंतिम वर्ष की मार्कशीट प्रस्तुत करने की अनिवार्यता निर्धारित की गई है। मार्कशीट न होने के कारण काउंसलिंग को दूसरी बार टाला गया है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# परास्नातक के 11 पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भरने होंगे विकल्प

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण, डॉक्यूमेंट अपलोड करने और विकल्प भरने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। विवि में स्नातक की तरह परास्नातक पाठ्यक्रम में भी केंद्रीकृत काउंसिलिंग होनी है। इसके लिए अभ्यर्थियों को संस्थान के साथ ही 11 पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विकल्प देने होंगे। पंजीकरण, डाक्यूमेंट अपलोड करने और विकल्प भरने की प्रक्रिया 26 अक्तूबर तक चलेगी। 27 अक्तूबर को केवल विकल्प भरने होंगे। इसके बाद आवंटन जारी होगा।

लविवि की केंद्रीकृत काउंसिलिंग में 11 पाठ्यक्रम ऐसे हैं जिनका संचालन लविवि के साथ ही कालेजों में भी होता है। इसलिए इनमें आवंटन के लिए अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाएंगे। इसी विकल्प के आधार पर उन्हें विवि परिसर या फिर कॉलेज में दाखिला दिया जाएगा। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पीजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा में उपस्थित रह चुके अभ्यर्थियों को अपनी मार्कशीट और अन्य संबंधित प्रपत्र लखनऊ विश्वविद्यालय ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल पर अपलोड करना होगा। काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को 200 रुपये फीस और एडवांस फीस देकर पंजीकरण कराना होगा। इसके बाद लविवि के साथ ही कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रम-एलएलबी, एमकॉम कॉमर्स, एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमए एजुकेशन, एमए सोशियोलॉजी, एमए एमआईएच- कंपोजिट हिस्ट्री-वेस्टर्न हिस्ट्री, एमएससी



लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुई पंजीकरण की प्रक्रिया

बॉटनी-प्लांट साइंस-माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी फिजिक्स-रिन्यूबल एनर्जी, एमएससी केमिस्ट्री-फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री, एमएससी मैथमेटिक्स और एमएससी जूलॉजी के लिए उन्हें विवि तथा कालेजों में दाखिले के लिए अपने विकल्प वरीयता क्रम में देने होंगे।

यदि किसी अभ्यर्थी के पास वर्तमान में मूल अंकपत्र नहीं है तो वे इस समय स्वयं सत्यापित इंटरनेट प्रति अपलोड कर सकते हैं। मूल अंकपत्र से सत्यापन, रिपोर्टिंग के समय किया जाएगा। यदि जांच में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेख गलत या कूट रचित पाए जाते हैं या अभ्यर्थी द्वारा इन अभिलेखों के द्वारा अनुचित लाभ का दावा किया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने से रोक दिया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने सभी वांछित अभिलेख बेवसाइट पर अपलोड करना अभ्यर्थी का स्वयं का दायित्व होगा। यदि किसी अभ्यर्थी ने विकल्प प्रस्तुत किये हैं, लेकिन विकल्प भरने की अंतिम तिथि तक उन्हें लॉक नहीं किया है, तो यह विकल्प सीट आवंटन से पहले स्वतः लॉक हो जाएंगे। यदि अभ्यर्थी ने काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण किया है, लेकिन विकल्प प्रस्तुत नहीं किया है तो उसे सीट आवंटन के लिए उपयुक्त नहीं माना जाएगा। सीट आवंटन का परिणाम अभ्यर्थी के लॉगइन पर ही उपलब्ध होगा।

## स्नातक : कन्फर्मेशन फीस जमा करने का आज अंतिम मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातक मैनेजमेंट और बीएलएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए केंद्रीकृत काउंसिलिंग में दूसरे चरण की आवंटन प्रक्रिया में सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि मंगलवार को समाप्त हो जाएगी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक की केंद्रीकृत काउंसिलिंग में अगले चरण में 23 से 26 अक्तूबर के बीच पंजीकरण और विकल्प भरे जा सकेंगे। विकल्प भरने की सुविधा 27 अक्तूबर को भी होगी। 29 अक्तूबर को आवंटन होगा। आवंटन पाने वाले अभ्यर्थियों को सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करने का मौका 31 अक्तूबर तक मिलेगा।

## प्रपत्र अपलोड करने की मियाद खत्म

**लखनऊ।** लविवि के पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गई। लविवि में पीजी डिप्लोमा (साइबर लॉ), पीजी डिप्लोमा (आपदा राहत और पुनर्वास), पीजी डिप्लोमा (गर्भ संस्कार), पीजी डिप्लोमा (प्राकृतिक चिकित्सा), पीजी डिप्लोमा (सामाजिक कर्तव्य और मानवाधिकार) और पीजी डिप्लोमा योग के साथ ही रेग्युलर पीजी डिप्लोमा-एडवांस डिप्लोमा फ्रेंच, सर्टिफिकेट इन फ्रेंच, सर्टिफिकेट प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच, पीजी डिप्लोमा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में भी दाखिले होने हैं। रेग्युलर पाठ्यक्रम में 60 फीसदी सीट भरने का नियम नहीं लागू होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 3

# पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए खुल गया लिंक

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए डॉक्यूमेंट्स अपलोडिंग का लिंक ओपन हो गया है। वहीं डाक्यूमेंट्स अपलोडिंग प्रक्रिया भी शुरू हो गयी। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा ऑफिशियल वेबसाइट पर पहले नोटिफिकेशन पहले ही जारी कर दिया गया था। ऐसे में पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए छात्रों को अपनी मार्कशीट व अन्य संबंधित डाक्यूमेंट्स विश्वविद्यालय के ऑनलाइन काउंसलिंग पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

बता दें कि जनरल वर्ग और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को ग्रेजुएशन फाइनल ईयर



और इंटरमीडिएट की मार्कशीट अपलोड करनी होगी। जनरल वर्ग के उम्मीदवारों को ग्रेजुएशन फाइनल ईयर मार्कशीट, इंटरमीडिएट की मार्कशीट समेत सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र और स्वघोषणा पत्र अपलोड करने होंगे। वहीं, ओबीसी और एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा स्नातक अंतिम वर्ष की मार्कशीट, इंटरमीडिएट की मार्कशीट समेत वैध जाति प्रमाण पत्र भी अपलोड किए जाने हैं। उम्मीदवारों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में अपने दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

PIONEER PAGE 4

## स्लेट के लिए एलयू को मिला कॉपी राइट का अधिकार

**लखनऊ।** कोरोना काल मे ऑनलाइन एजुकेशन को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफसे अभिनव प्रयोग के रूप में डेवलप किये स्लेट (ट्रांसफॉर्मेटिव लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांस्फॉर्मटिव एजुकेशन) के लिए भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय से कॉपीराइट प्रदान किया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय को यह कॉपीराइट दो महीने रिकॉर्ड समय अवधि में दिया गया है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि स्लेट चार दीवारों के दायरे से परे कक्षा तक फैला है।

## दीपावली बाद बीएड काउंसलिंग शुरू होने की संभावना

**लखनऊ।** बीएड कक्षाओं में दाखिले की राह में राज्य विश्वविद्यालयों के अंतिम वर्ष के छात्रों के परीक्षा परिणाम आड़े आ रहा है। परीक्षा परिणाम में देरी को देखते हुए माना जा रहा है कि ऑनलाइन काउंसलिंग दीपावली बाद शुरू हो सकती है। जिसके चलते सत्र के दिसम्बर में शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि अभी इस बारे में आधिकारिक तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने कोई सूचना नहीं जारी की है। पूर्व में यह काउंसलिंग 19 अक्टूबर से शुरू होनी थी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

# लविवि ने पीजी कोर्स की सूची की जारी

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने सोमवार को परास्नातक के लगभग 11 कोर्स की सूची जारी कर दी है। जारी निर्देश के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अंकतालिका और अन्य संबंधित अभिलेखों को अपलोड करने के बाद, अपनी पसंद का विकल्प भरना होगा ताकि छात्रों को उनकी पसंद और उपलब्धता के अनुसार सीटें आवंटित किया जा सकें। इसकी जानकारी देते हुए लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय व्यवस्था के तहत कई विषय विकल्पों के लिए अभ्यर्थियों से एक ही आवेदन प्रपत्र भराया गया है। इसके अलावा इनमें से कई पाठ्यक्रमों में विवि के साथ-साथ महाविद्यालयों में भी सीट की उपलब्धता है।

# बीएड की काउंसिलिंग दिवाली के बाद

लखनऊ। बीएड का अगला सत्र 2020-21 जनवरी से शुरू होगा। लविवि प्रशासन संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-21 की काउंसिलिंग दिवाली के बाद कराने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए लविवि प्रशासन ने काउंसिलिंग का नया कार्यक्रम बनाकर शासन को भेज रहा है। जिसके मुताबिक शासन से मंजूरी मिलते ही दिवाली के बाद काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। बता दें कि अधिकांश विश्वविद्यालयों में अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम न आने के कारण अभी तक दो बार काउंसिलिंग प्रक्रिया टाली जा चुकी है। हालांकि अब लविवि प्रशासन थोड़ा समय और दिया है यदि इस बीच परिणाम घोषित हुए तो ठीक अन्यथा काउंसिलिंग की प्रक्रिया नये कार्यक्रम के साथ शुरू कर दी जायेगी।

i-NEXT PAGE 2

## 'स्लेट' को मिला कॉपीराइट

एलयू के ऑनलाइन लर्निंग व टीचिंग का स्लेट ट्रांसफॉर्मेटिव लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन को 14 अक्टूबर को भारत सरकार ने कॉपीराइट प्रदान किया गया। यह जानकारी एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय न दी. उन्होंने बताया कि लखनऊ यूनिवर्सिटी को यह कॉपीराइट दो महीने रिकॉर्ड समय अवधि में दिया गया.

## बीएड का नया सेशन जनवरी से

बीएड का अगला सत्र जनवरी से शुरू होगा. एलयू प्रशासन संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड की काउंसिलिंग दिवाली के बाद कराने की तैयारी कर रहा है. इसके लिए जल्द ही शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा. ज्ञात हो कि कई स्टेट यूनिवर्सिटी में यूजी फाइनल इयर का रिजल्ट न आने के कारण स्टूडेंट्स काउंसिलिंग में शामिल होने से वंचित हो रहे थे. जिसको देखते हुए एलयू ने 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली बीएड काउंसिलिंग रद कर दी थी.

NBT PAGE 4

# 'स्लेट को रेकॉर्ड समय में मिला कॉपीराइट'

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार राय ने बुधवार को ऑनलाइन लर्निंग और टीचिंग के लिए बनाए गए स्लेट ऐप की विशेषता बताई। उन्होंने बताया कि लविवि को स्लेट का कॉपीराइट दो महीने के रेकॉर्ड समय में भारत सरकार से मिला है।

**उपस्थिती होगी मान्यः** विवि प्रशासन के मुताबिक, जो भी स्टूडेंट्स स्लेट पर पढ़ रहे हैं उनकी हाजिरी सेमेस्टर की हाजिरी में जोड़ दी जाएगी।